प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.11.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने और प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में शामिल होने की अपील की।
- केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राजस्थान में खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम की घोषणा की।
- प्रदेश में 27 नवम्बर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार–उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे। प्रधानमंत्री मंदिर में ध्वजारोहरण समारोह में शामिल होंगे। श्री मोदी का सप्त मंदिर और शेषावतार मंदिर जाने का भी कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री माता अन्नपूर्णा मंदिर जाएंगे। वे राम दरबार गर्भगृह में दर्शन और पूजा–अर्चना करेंगे। वे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। ये मंदिर निर्माण के पूरा होने और राष्ट्रीय एकता और विरासत का उत्सव मनाने का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर जी के साढे तीन सौवें शहीदी दिवस समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे विशेष सिक्का और स्मारक टिकट भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री देश के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक ब्रह्म सरोवर में दर्शन और पूजा भी करेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल देश–विदेश के प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसम्बर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश–विदेश में प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स को मजबूत किया गया है। 26 चैप्टर्स के अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं और ये सक्रियता से काम कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग का भी गठन किया गया है। ये प्रवासी राजस्थानियों और सरकार के बीच संवाद और सहयोग का मंच रहेगा। इसके माध्यम से प्रवासियों का मातृ भूमि से जुड़ाव मजबूत होगा।

इस बीच, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए पंजीकरण करवाने का आग्रह किया है।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जयपुर मैट्रो फेज–2 के तहत अधिकारियों को प्रोजेक्ट की लागत का समुचित आकलन करने के निर्देश दिये। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मैट्रो के विस्तार की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि जयपुर मैट्रो का विस्तार शहर की बढ़ती आबादी के दबाव के मद्देनजर आवश्यक है। इससे शहरवासियों को बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध हो सकेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने जयपुर मैट्रो फेज–2 की प्रोजेक्ट रिपोर्ट का अनुमोदन कर केन्द्र सरकार को भेजा है। केन्द्र से मंजूरी मिलते ही इस परियोजना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि फेज–2 में 42 किलोमीटर लम्बा ट्रैक बिछाया जाएगा। इसमें कुल 36 स्टेशन प्रस्तावित हैं।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा का आज पाली दौरे का कार्यक्रम है। वे बाली, सुमेरपुर और सोजत में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री शर्मा बाली के चामुंडेरी में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। वहीं सुमेरपुर के नेत्रा गांव में मीरा माधव प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल उदयपुर में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के नये भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उदयपुर पर्यटन के साथ ही औद्योगिक और व्यापारिक निवेश के क्षेत्र में भी अपार क्षमता रखता है। श्री बिरला ने कहा कि चैम्बर ऑफ कॉमर्स का ये भवन उदयपुर की आर्थिक यात्रा को नई दिशा देने वाला केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि ये स्थान युवाओं को प्रोत्साहित करेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में आगे बढ़ सके।

000

कोटा में हाड़ौती ट्रैवल मार्ट अगले साल 2 से 4 जनवरी तक आयोजित होगा। इसके लिए कल होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के कोटा डिविजन और पर्यटन विभाग के बीच जयपुर में एमओयू किया गया। पर्यटन आयुक्त रूकमणी रियार और फेडरेशन अध्यक्ष हुसैन खान ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पर्यटक आयुक्त ने कहा कि ये हाड़ौती क्षेत्र का पहला ट्रैवल मार्ट होगा। इसमें कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां की प्राकृतिक सुंदरता, जल विरासत और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

000

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राजस्थान में खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम की घोषणा की। श्री मांडविया कल जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के शुभारंभ समारोह में बोल रहे थे। स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम में अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को दुर्घटना और जीवन बीमा कवरेज उपलब्ध होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में खेलों के विकास के लिए ईको सिस्टम तैयार किया गया है। इसी के तहत जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तराशने के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की गई। देश में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, यूथ गेम्स और खेला इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स आयोजित किये जाते हैं, जिससे खिलाड़ियों को बेहतरीन अवसर और ट्रेनिंग मिले।

000

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स केवल खेल नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों के सपनों की शुरूआत है।

000

मुख्यमंत्री ने केआईयूजी 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में ड्रोन के जरिये लाई गई टॉर्च को मुख्य मंच पर स्थापित कर खेल मंत्री के साथ गेम्स का शुभारंभ किया। इस दौरान खेलों के विकास और प्रदेश की उपलब्धियों को ड्रोन शो के जरिये दिखाया गया और आतिशबाजी की गई।

000

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। 12 दिन के इस खेल महाकुंभ का आयोजन प्रदेश के सातों संभाग मुख्यालयों पर किया जा रहा है। आज जयपुर में तीरंदाजी और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में 25 स्वर्ण पदक दाव पर रहेंगे।

000

प्रदेश में 27 नवम्बर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इसके असर से उदयपुर, जोधपुर और अजमेर में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इस बीच, बीते 24 घंटों में जयपुर सहित कई जगह सर्द हवाओं का प्रभाव रहा। शेखावाटी अंचल सहित कई जिलों में तापमान में उतार–चढ़ाव रहा और धुंध छायी रहने के कारण धूप में तेजी कम रही। मौसम केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले दो दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं रहने का पूर्वानुमान बताया है। बढ़ती सर्दी को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर बेसहारा लोगों के लिए अस्थायी आश्रय स्थल बनाये जा रहे हैं। कोटा में भी नगर निगम की ओर से 13 रैन बसेरे शुरू किये गये हैं।

000